नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, संबलपुर की 35वीं बैठक सम्पन्न

महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड मुख्यालय, जागृति विहार में दिनांक 28.11.2018 को नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति,संबलपुर की 35वीं छमाही बैठक सम्पन्न हुआ। श्री पी.के. साहू, प्रभारी महाप्रबंधक(प्रबं.प्रशि.सं./राजभाषा/मासंवि),एमसीएल/सदस्य सचिव,नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, संबलपुर ने बैठक की अध्यक्षता की।

अध्यक्ष महोदय ने सदस्य कार्यालयों में राजभाषा कार्यान्वयन की दिन प्रतिदिन हो रही प्रगति पर अपनी प्रसन्न्ता प्रकट की एवं राजभाषा हिंदी के प्रचार-प्रसार में हर सदस्य कार्यालयों से इस मद में और अधिक सक्रिय सहयोग हेतु अपील की। भारत सरकार की राजभाषा नीति अंतर्गत राजभाषा अधिनियम 1963 की धारा 3(3), हिंदी पत्राचार, हिंदी टिप्पणी तथा राजभाषा नियम -5 का अनुपालन सुनिश्चित करने पर जोर दिया।

बैठक के प्रारंभ में श्री साहू, ने आगत अतिथियों/ प्रतिभागियों का स्वागत किया एवं अपने स्वागत भाषण में कहा कि केंद्रीय सरकार के कार्यालयों/ उपक्रमों/ निगमों/बैंकों आदि द्वारा राजभाषा नीति का पूर्णत: अनुपालन करना आवश्यक ही नहीं अनिवार्य है। इसके लिए आवश्यक है कि सभी कार्यालयों द्वारा तिमाही रिपोर्ट नियमित रूप से भेजी जाए तथा तिमाही बैठक में उपस्थित रहें। अध्यक्ष महोदय के समक्ष जून,2018 एवं सितंबर,2018 तिमाही रिपोर्टों की समीक्षा की गई एवं राजभाषा कार्यान्वयन में तेजी लाने हेतु कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

एमसीएल तथा अन्य कार्यालयों द्वारा आलोच्य छमाही के दौरान निष्पादित राजभाषा गतिविधियों की झलक पावर प्वाइंट के माध्यम से प्रदर्शित किया गया। पूर्व बैठक के निर्णयानुसार आगामी 06 दिसंबर,2018 को एमसीएल के सहयोग से आयोजित की जानेवाली पुरस्कार वितरण-सह-सांस्कृतिक कार्यक्रम में अधिक संख्या में भाग लेने हेतु प्रतिनिधियों से अनुरोध किया गया।

डॉ. हरिश्चंद्र शर्मा, हिंदी प्राध्यापक, हिंदी शिक्षण योजना, संबलपुर ने नगर राजभाषा कार्यान्यन समिति, संबलपुर के सदस्य कार्यालयों में चलाए जानेवाले हिंदी भाषा प्रशिक्षण की कक्षाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

बैठक में डॉ. शर्मा तथा नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, संबलपुर के सदस्य कार्यालयों के प्रमुख एवं प्रतिनिधिगण उपस्थित हुए।

राजभाषा विभाग,एमसीएल मुख्यालय की श्रीमती तूलिका बिश्वास, प्रबंधन प्रशिक्षु (राजभाषा) द्वारा गत बैठक के निर्णयों पर कृत कार्रवाई रिपोर्ट प्रस्तुत की गई । श्रीमती बिश्वास ने बैठक का सफल संचालन भी किया।

अंत में अध्यक्ष की अनुमति से धन्यवाद ज्ञापन के साथ ही बैठक के समाप्ति की घोषणा की गई।

MCL

MCL